BRSM College of Agricultural Engineering and Technology & Research Station
IGKV, Pandariya Road, Mungeli - 495334 (C.G.)
बी.आर.एस.एम. कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र
इं.गाँ.कृ.वि., पंडरिया रोड, मुंगेली–495334 (छ.ग.)
Mo. 7415737205 (I/c Scholarship), Email: brsmcaetrs-m@cg.gov.in, brsmcaetrs@gmail.com

डॉ. एम.पी. त्रिपाठी
अधिष्ठाता

क्रमांक/सीएईटी/छात्रवृत्ति/2023/
मुंगेली, दि. 30.11.2023

छात्रवृत्ति संबंधी आवश्यक सूचना

इस महाविद्यालय में अध्ययनरत **"अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)"** वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) मुंगेली के पत्र क्रमांक/ऑ.ला.पो.मै.छात्रवृत्ति/2023–24/2766 मुंगेली दिनांक 29–11–2023 के तारतम्य में लेख है कि शिक्षा सत्र 2023–24 हेतु आनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति **(कक्षा 12वीं से उच्चतर)** के पंजीयन, प्रस्ताव/स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** वेबसाईट पर आनलाईन की जा रही है।

छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीन/नवीनीकरण पंजीयन करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2023–24 में निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गई है :–

क्र.	प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि (नवीन एवं नवीनीकरण)	दिनांक 28.11.2023 से 30.12.2023 तक

निर्धारित तिथि के पश्चात् शिक्षा सत्र 2023–24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जावेगा। उक्त तिथि तक आवेदन पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए विद्यार्थी स्वतः जिम्मेदार रहेंगे। आवश्यक दस्तावेजों की सूची पृथक रूप से संलग्न है। **आनलाईन आवेदन करने के 03 दिवस के भीतर समस्त दस्तावेज कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।**

टीप – 1. PFMS के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि आवेदित विद्यार्थी का बचत खाता एक्टिव हो एवं **आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि** ही करना सुनिश्चित करेंगे।

2. सत्र 2023–24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किये गये आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओ.टी.पी. (OTP) के माध्यम से किया जाना है। विद्यार्थी आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करें।

अधिष्ठाता

पृष्ठां.क्रमांक/सीएईटी/छात्रवृत्ति/2023/530
मुंगेली, दि. 30.11.2023

प्रतिलिपि :–

1. महाविद्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा हेतु।
2. बालक/बालिका छात्रावास के सूचना बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

अधिष्ठाता

छात्रवृत्ति संबंधी आवश्यक दस्तावेज

क्रमांक	विवरण	मूलप्रति/छायाप्रति
1	आवेदन–पत्र (स्वहस्ताक्षरित)	01 नग मूलप्रति
2	पासपोर्ट फोटो (स्वयं सत्यापित Self Attested)	01 नग
3	आधार कार्ड की फोटोकापी	01 नग फोटोकापी
4	बैंक पासबुक की प्रथम पृष्ठ की फोटोकापी जिसमें IFS Code स्पष्ट रूप से साफ–साफ दिखाई देता हो।	01 नग फोटोकापी
5	आमदनी प्रमाण–पत्र (पिता, माता या पालक/ आश्रित)	01 नग मूलप्रति
6	जाति प्रमाण पत्र की फोटोकापी	01 नग फोटोकापी
7	निवास प्रमाण पत्र की फोटोकापी	01 नग फोटोकापी
8	दसवी अंकसूची की फोटोकापी	01 नग फोटोकापी
9	बारहवी अंकसूची की फोटोकापी	01 नग फोटोकापी
10	पिछले वर्ष उत्तीर्ण परीक्षा की अंकसूची की फोटोकापी	01 नग फोटोकापी
11	शपथ–पत्र	01 नग मूलप्रति
12	फीस शैक्षणिक सत्र में पटाये गये समस्त	01 नग मूलप्रति

टीप –

1. समस्त दस्तावेजों को स्वयं प्रमाणित (Self Attested) कर जमा करना है।
2. आधार कार्ड में विद्यार्थी का नाम, खाताधारक का नाम और अंकसूची के नाम में भिन्नता ना हो।